स्मार्ट सर्टिज़ मशिन

स्मार्ट सिटीज़ मिशन

के बारे में

- **आरंभ:** 2015
- **प्रकार:** केंद्र द्वारा प्रायोजित
- **नोडल मंत्रालय:** आवास और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA)
- **कार्यान्वयन:** शहर स्तर पर एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) के माध्यम से।
- **मिशन की समय सीमा:** जून 2023 तक विस्तारित
- **कवरेज:** 100 चयनित शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना

छह मूलभूत सिद्धांत

- मूल में नागरिक (Citizen at the core)
- कम-से-अधिक (More from Less)
- सहकारी और प्रतिस्पर्द्धी संघवाद (Cooperative and competitive federalism)
- एकीकरण, नवाचार, संवहनीयता (Integration, innovation, sustainability)
- प्रौद्योगिकी साधन के रूप में न कि लक्ष्य के रूप में (Technology as means, not the goal)
- अभिसरण (Convergence)

स्मार्ट समाधान

ई-गवर्नेंस और नागरिक सेवाएँ

- जन सूचना, शिकायत निवारण
- इलेक्ट्रॉनिक सेवा वितरण
- नागरिक भागीदारी
- नागरिक - शहर की आँखें और कान
- वीडियो अपराध निगरानी

ऊर्जा प्रबंधन

- स्मार्ट मीटर और प्रबंधन
- ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत
- ऊर्जा कुशल और हरित भवन

अपशिष्ट प्रबंधन

- अपशिष्ट से ऊर्जा एवं ईंधन
- अपशिष्ट से खाद
- अपशिष्ट जल का उपचार
- निर्माण और विध्वंस (C&D) अपशिष्ट का पुनर्चक्रण और कमी

शहरी आवागमन

- स्मार्ट पार्किंग
- कुशल यातायात प्रबंधन
- एकीकृत मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट

जल प्रबंधन

- स्मार्ट मीटर और प्रबंधन
- लीकेज की पहचान, निवारक प्रबंध
- जल गुणवत्ता की जाँच

अन्य

- टेली-मेडिसिन तथा टेली एजुकेशन
- इन्क्यूबेशन/व्यापार सुगमता केंद्र
- कौशल विकास केंद्र

अब तक 60 परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं

चुनौतियाँ

- **वित्त प्रबंधन:** वित्त जुटाने, उन्हें SPV में स्थानांतरित करने तथा उनके कुशल उपयोग में कठिनाई
- **शहरी समस्याएँ:** जैसे वायु प्रदूषण, सड़क पर भीड़भाड़ और सार्वजनिक परिवहन में कमी
- **नीतिगत मुद्दे:** जैसे पर्यावरण अनापत्ति (Environment Clearances) प्राप्त करने में बाधा
- **डेटा गोपनीयता और सुरक्षा**
- **केंद्र-राज्य समन्वय का अभाव**

आगे की राह

- **विकेंद्रीकरण:** बेहतर कार्यान्वयन के लिये नगरपालिका और राज्य स्तर पर नियोजन
- **नीतिगत मुद्दे:** लालफीताशाही (अत्यधिक नियमों एवं नियंत्रण के कारण अनावश्यक विलंब) की तरह, पर्यावरण मंज़ूरी पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है
- **PPP मॉडल:** बेहतर प्रशासनिक एवं तकनीकी क्षमताओं के लिये
- **समन्वित दृष्टिकोण:** परिवहन, ऊर्जा, आवास के समग्र विकास हेतु
- **नागरिक भागीदारी को बढ़ावा**

दृष्टि The Vision
Drishti IAS

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-cities-mission-2